ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे

ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे,
आते रहे हो हर दम आते रहोगे,
ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे.....

तेरा भरोसा संवारिये तू ही एक हमारा है,
जब जब दुःख के दिन आये देता तू ही सहारा है,
चलाते रहो हो नैया चलाते रहोगे,
ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे....

जब से सजाई इस घर में श्याम तेरी तस्वीर को,
तूने सजाई हाथों से मेरी इस तक़दीर को,
सजाते रहे हो जीवन सजाते रहोगे,
ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे....

मेरा एक ठिकाना बस श्याम तेरा दरबार है,
याद हमें कर लेते हो ये तेरा उपकार है,
बुलाते रहो हो खाटू बुलाते रहोगे,
ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे....

जब जब भी बनवारी दिल मेरा घबराता है,
भगत तेरा ऐ श्याम धणी रो रो तुम्हे बुलाता है,
लगाते रहे हो गले से लगाते रहोगे,
ओ सांवरे दुःख से बचाते रहोगे.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/25905/title/oh-sanwre-dukh-se-bachate-rahoge

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |